रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री, संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राम नाईक): (क) जी हां।

(ख)

इकाई का नाम	विनिर्मित मद
1. डीजल कलपुर्जा कारखाना, पटियाला	डीजल और बिजली रेल इंजनों के लिए कलपुर्जों और डीजल रेल इंजनों का पुनर्निर्माण।
2. डीजल रेल इंजन कारखाना, वाराणसी	डीजल रेल इंजन
3. चितरंजन रेल इंजन कारखाना, चितरंजन	बिजली रेल इंजन
4. सवारी डिब्बा कारखाना, चेन्नई	सवारी डिब्बे
5. रेल डिब्बा कारखाना, कपूरथला	सवारी डिब्बे
6. पहिया एवं धुरा संयंत्र, बेंगलूरु	पहिया एवं धुरा

इसके अलावा रेलों पर उपयोग होने वाले इस्पात गर्डर, इस्पात का निर्माण तथा कंक्रीट की मदें, लोहे के स्लीपर आदि के निर्माण में लगे रेलों पर 10 सिविल इंजीनियरी कारखाने हैं।

(ग) नहीं। ये सभी इकाइयां भारतीय रेलवे की अपनी उत्पादन इकाइयां हैं और प्राथमिक रूप से भारतीय रेलवे की आवश्यकताओं को पूरा करती हैं। परिसंपत्तियां "स्थानांतरण—मूल्य" आधार पर क्षेत्रीय रेलों को हस्तांतरित की जाती हैं।

(घ) और (ङ) प्रश्न नहीं उठता।

रेल डिब्बों और इंजनों की आवश्यकता और उत्पादन

1224. श्री कपिल सिब्बल:
श्री बलवन्त सिंह रामूवालिया:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि वित्तीय वर्ष 1997-98 में देश में रेल डिब्बों और इंजनों का उत्पादन उनकी आवश्यकता से अधिक किया गया है;

(ख) यदि हां, तो आवश्यकता और उत्पादन का अंतर क्या था;

(ग) क्या इस अतिरिक्त उत्पादन का निर्यात करके विदेशी मुद्रा अर्जित करने का प्रयास किया गया था; और

(घ) यदि हां, तो चालू वर्ष में निर्यात से कितनी विदेशी मुद्रा अर्जित करने का अनुमान है और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री, संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राम नाईक): (क) जी नहीं।

(ख) से (घ) प्रश्न नहीं उठता। आवश्यकता और उत्पादन के बीच कोई अन्तर नहीं था क्योंकि रेलवे के डिब्बों और इंजनों का उत्पादन माल और यात्री यातायात की अनुमानित आवश्यकता के अनुसार किया गया था।

डिब्बों और इंजनों की विनिर्माण क्षमता

1225. श्री बलवन्त सिंह रामूवालिया:
श्री कपिल सिब्बल:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) रेलवे के विभिन्न प्रकार के डिब्बों और इंजनों का निर्माण करने वाले विभिन्न एककों की कुल उत्पादन क्षमता कितनी है; और

(ख) गत वर्षों में उपरोक्त मदों के औसत वार्षिक उत्पादन में कुल अधिष्ठापित क्षमता की कितनी प्रतिशत क्षमता का उपयोग किया गया और पूरी क्षमता का उपयोग न करने के क्या कारण हैं?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री, संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राम नाईक): (क) प्रतिवर्ष सवारी डिब्बों की संस्थापित क्षमता 2000 है और रेल इंजनों की 300 है।

(ख) सवारी डिब्बों और रेल इंजनों का औसत वार्षिक उत्पादन इन उत्पादन इकाइयों की संस्थापित क्षमता से कुछ ऊपर है, जिसका पूर्ण उपयोग किया जा रहा है।

Bringing down Rail Accidents

1226. SHRI C. RAMACHANDRAIAH: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether Government's attention